**आकाशवाणी शिमला**
**13.04.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे**

**सर्वोच्च न्यायालय**

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्यपालों द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजे गए राज्य विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन माह के भीतर फैसला करना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इसमें विलम्ब होने के वैध कारण को संबंधित राज्य के साथ साझा किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति को भी राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने में तीन महीने से अधिक समय नहीं लेना चाहिए। अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो राज्यों को न्यायालयों में जाने का अधिकार है।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर भाजपा कार्यकाल में शुरू की गई जनहित योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने अपने चम्बा के दौरे के अंतिम दिन भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत मैहला और चम्बा विधानसभा क्षेत्र के तहत परेल में कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करने के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

**आरोप**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हिमकेयर योजना के तहत लोगों को इलाज की सुविधा नहीं मिल पा रही है जिससे गरीब जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। राजीव बिंदल ने कहा कि इसके अलावा अस्पतालों में मुफ्त टैस्ट नहीं हो रहे हैं और दवाईयां भी नहीं मिल पा रही हैं। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने भाजपा के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिमकेयर के तहत सभी मरीज़ों को इलाज की सुविधा दी जा रही है जबकि विपक्ष बेवजह बयानबाज़ी कर रहा है।

**पीएम–बैसाखी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैसाखी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में नई उम्मीदें, खुशियाँ और समृद्धि लेकर आता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह त्यौहार एकजुटता, कृतज्ञता और नएपन की भावना पैदा करता है।

**प्रधानमंत्री**

इसी बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां शहीदों की अदम्य भावना को हमेशा याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि जलियांवाला बाग हत्याकांड हमारे देश के इतिहास का एक काला अध्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शहीदों का बलिदान भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण अध्यांय है।

**भूकंप**

मण्डी ज़िले में आज सुबह करीब 9 बजकर 18 मिनट पर भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकम्प का केन्द्र सुंदरनगर के जैदेवी क्षेत्र में स्थित था। हमारे मण्डी संवाददाता के अनुसार भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 दशमलव 4 मापी गई। फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

**पद्म पुरस्कार**

अगले वर्ष के पद्म पुरस्कारों के लिए इस वर्ष 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकेंगे। नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरु हुई थी। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय

पुरस्कार पोर्टल पर स्वीकार की जाएंगी। चयनित पद्म पुरस्कार विजेताओं के नाम अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाएंगे।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आमतौर पर मौसम साफ है। कल प्रदेश के निचले कई स्थानों पर गरज के साथ वर्षा व ओलावृष्टि से फलदार पौधों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव से दिन के समय लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक मौसफ के साफ बने रहने की संभावना जताई है।